NEC
a link with electricity

हरियाणा से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Date: 04-04-2019 Page No. 7

घरेलू उत्पादों के बाजार में एनईसी ने दी दस्तक

ब्रांड एम्बेसडर सोनू सूद ने ग्रिडटेक 2019 किया उत्पादों को लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नित्या इलेक्ट्रो कंट्रोल्स प्रा. लि. के उत्पादों को लॉन्च करते अभिनेता सोनू सूद

भारी उद्योगों के लिए बिजली के उपकरण बनाने वाली नित्या इलेक्ट्रो कंट्रोल्स प्रा. लि. (एनईसी) ने अब घरेलू उत्पादों के बाजार में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। प्रगति मैदान में चल रहे 'ग्रिडटेक-2019' में कंपनी ने अपने आगामी उत्पादों (एमसीबी, आरसीसीबी, तार-केबल और वितरण बॉक्स) का प्रदर्शन किया। इन्हें कंपनी के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने लॉन्च किया गया।

मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए एनईसी अगले पांच वर्षों के लिए 200 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करने के लिए तैयार है जो न केवल रोजगार को बढ़ावा देगा बल्कि स्वच्छ और ग्रीन एनर्जी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगा।

नित्या इलेक्ट्रो कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रशांत श्रीवास्तव का कहना है कि घरों में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी को पूरी तरह से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एडवांस तकनीक का उपयोग करके उत्पादों को डिजाइन किया गया है। उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी तरह का केबल ले सकते हैं। होम केबल्स में लाइट ड्यूटी केबल और बिल्डिंग वायर शामिल हैं जो एकसाथ लिपटी हुई कॉपर की वायर से बनाए जाते हैं। इन वायर और केबल में फ्लेम रिटार्डेंट, लो स्मोक और लो हैलोजन इंसुलेशन के गुण होते हैं।